## एक नजर

### डीएम के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**बेगूसराय (बिहार)।** जिले की एक अदालत ने सहरसा जिले के डीएम आर लक्ष्मणन और एक अन्य बीरो राम के खिलाफ एक महिला और उसके पति से दुर्व्यवहार के मामले में गैर जमानती वारंट जारी किया है। बरौनी के अमरपुर गाँव निवासी गौरी राय और उनकी पत्नी ने प्रशिक्षु आईएएस आर लक्ष्मणन सहित छह लोगों पर 18 अप्रैल 2006 को मामला दर्ज कराया था। आरोप था कि उनकी निजी जमीन पर सड़क बना दिए जाने को लेकर जब वे अपनी पत्नी के साथ लक्ष्मणन से मिलने गए तो उन्होंने दुर्व्यवहार किया। लक्ष्मणन वर्तमान में सहरसा के डीएम हैं।

### आईजी निलंबित

**भोपाल।** मुम्बई आतंकी हमले के अभियुक्त अजमल आमिर कसाब की तारीफ करना स्पेशल आर्म्ड फोर्सेज (एसएएफ) के आईजी राजेन्द्र कुमार को महँगा पड़ गया। राज्य सरकार ने उनका तबादला पुलिस मुख्यालय भोपाल कर दिया है। सरकार ने बुधवार को यह एलान किया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजेन्द्र ने मंगलवार को इंदौर में निशानेबाजी प्रतियोगिता के दौरान कसाब की यह कहकर तारीफ की थी कि अपनी लगन के चलते आठवीं पास कसाब ने सालभर में ही हर हथियार चलाने में महरात हासिल कर ली थी। राजेन्द्र ने हालाँकि बाद में सफाई दी थी कि मीडिया ने उनका बयान तोड़-मरोड़कर पेश किया।

### कोर्ट जाएँगे ऑपरेटर

**नई दिल्ली।** नोएडा में टॉवर सील किए जाने से गुस्साए मोबाइल सेवा प्रदाताओं ने नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ उच्च न्यायालय में जाने की धमकी दी है। प्राधिकरण ने 250 दूरसंचार टावरों को सील कर दिया है। प्राधिकरण ने परिचालकों पर दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) से सलाह-मशविरा नहीं करने का आरोप लगाया है। सीडीएमए परिचालकों के संगठन आस्पी के महासचिव एससी खन्ना ने कहा, 'हमने दूरसंचार नियामक ट्राई से मुलाकात की लेकिन हमें कोई राहत नहीं मिली। ट्राई का कहना है कि वह इस पर परामर्श पत्र लाएँगे। खन्ना ने कहा, 'हम हाईकोर्ट लखनऊ का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं।'

### प्रसार भारती के सीईओ को अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीएस लाली को लोक प्रसारक के कामकाज पर न्यायालय के आदेशों का पालन न करने के लिए अवमानना नोटिस जारी किया। नोटिस जारी करते हुए न्यायमूर्ति एसएन भंडारी ने लाली से जानना चाहा कि प्रसार भारती के कामकाज के बारे में अदालत के पिछले आदेशों का पालन क्यों नहीं किया गया। उनसे आठ अप्रैल तक जवाब माँगा गया है। याचिका केंद्र की ओर से दाखिल की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि लाली बोर्ड के सभी सदस्यों के साथ बैठक बुलाने के अदालत के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं जिससे प्रसार भारती बोर्ड के कामकाज में असंतुलन और कमजोरी आई है।


### धर्मेन्द्र की जमीन पर कब्जा

**लुधियाना।** अभिनेता धर्मेन्द्र के जमीन के एक प्लाट पर एक व्यक्ति ने कथित तौर पर कब्जा कर लिया है और इसे देखभाल करने वाले से खरीदने का वह दावा कर रहा है। धर्मेन्द्र का पैतृक गाँव लुधियाना में है और अजितनगर मुहल्ले में 670 गज के प्लाट सहित कई भूखंडों के वह मालिक हैं। पुलिस ने कहा कि अब्दुल खडूस नाम के व्यक्ति ने इस 670 गज जमीन को समुचित तरीके से खरीदने का दावा किया है। खडूस का दावा है कि उसने यह जमीन धर्मेन्द्र के वकील घनश्याम लाटी से खरीदी है। लाटी ने भूखंड पर बने मुख्य गेट को नदारद पाया था और उसके बाद रविवार को उसने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने कहा कि खडूस ने जमीन पर अपना दावा किया है और इसे पुख्ता करने के लिए जमीन के कागजात भी पेश किए। बहरहाल वकील लाटी ने पुलिस से कहा कि कागजात फर्जी हैं।

### 'निशांत-15' सफल

**बंगलुरु।** मानवरहित विमान 'निशांत-15' ने बुधवार को सफल उड़ान भरी। 29 जनवरी को इसमें उड़ान के दौरान गड़बड़ी आ गई थी और उसके बाद इसे धीरे-धीरे उतारा गया था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को कहा, 'इसकी 30 वीं उड़ान के दौरान सभी प्रणालियाँ सामान्य तरीके से काम कर रही थीं। मिशन पूरी तरह सफल रहा।' उड़ान का परीक्षण यहाँ एडीई में किया गया।

# आपके अंदर का हर हाल बताएँगे कार्बन क्वाण्टम



बार-बार एक्सरे और एमआरआई स्कैन से शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुँचता है। अभी तक मानव शरीर के अंदर की हड्डियों व अन्य जीवित ऊतकों की स्थिति देखने के लिए कोई अन्य माध्यम भी नहीं था। लेकिन अब पानी में घुलनशील कार्बन के एक ऐसे अवयव को तैयार किया गया है जो शरीर के किसी भी खास हिस्से में पहुँचा कर उस अंग का पूरा आंतरिक हाल जाना जा सकता है और वो भी बिना किसी शारीरिक नुकसान के। इन्हें ही नाम दिया गया कार्बन क्वाण्टम डॉट्स...

**क्या है बायो इमेजिंग**
शरीर के अंदर किसी अंग, ऊतक, कोशिकाओं या फिर हड्डियों के चित्र को किसी मॉनिटर या फिर फिल्म के जरिए देखना ही बायो इमेजिंग कहलाता है।

### कैसे होगा मददगार

पानी के साथ इन कार्बन क्वाण्टम को घोलकर आपके शरीर के जरूरी हिस्से में प्रवेश करा दिया जाएगा। इसके पश्चात आवश्यक उपकरण से संबंधित आंतरिक अंगों, ऊतकों व कोशिकाओं की स्थिति का अध्ययन किया जा सकेगा।

### यहाँ भी होंगे कारगर

इसके माध्यम से किसी दवा से पड़ने वाले जेनेटिक प्रभाव, शरीर में कोई वायरस कहाँ-कहाँ अपना असर दिखा रहा है इत्यादि का भी अध्ययन किया जाता है। अभी तक प्रयोग होने वाले तमाम माध्यमों से जीवित कोशिकाओं का अध्ययन तो किया जाता रहा है लेकिन उनकी हर स्तर पर मॉनीटरिंग कहीं न कहीं चूक जाती थी।



प्रस्तुति-प्रशान्त कुमार झा

### इन्होंने किया रिसर्च

आईआईटी कानपुर में रसायन विभाग के प्रोफेसर सब्यसाची सरकार ने अपने इस रिसर्च को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में आयोजित रसायन विभाग के सेमिनार में देशभर से आये रसायन शास्त्रियों के बीच प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में बायो इमेजिंग आवश्यक होता है। छोटी से छोटी दुर्घटना हो या फिर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हर मौके पर बायो इमेजिंग की जरूरत पड़ती है। ऐसे में कार्बन क्वाण्टम डॉट्स भविष्य में काफी कारगर होंगे।



**कैंसर** की कोशिकाओं का अध्ययन करना हो या फिर डेंगू फैलाने वाले एनाफिलीज मच्छर की बढ़ती तादाद को काबू करना हो हर किसी काम में कामयाब साबित हो सकता है ये कार्बन क्वाण्टम डॉट्स।

### ऐसे किया गया रिसर्च

प्रोफेसर सरकार ने इस रिसर्च के लिए फ्रूट मक्खी ड्रोसोफिला का इस्तेमाल किया। उन्होंने इसके शरीर में कार्बन क्वाण्टम डॉट्स युक्त पानी प्रवेश कराया। इसके बाद उन्होंने पाया कि उसके अंदर का हर अंग जुगनू की तरह चमक रहा था जिससे उसका हर अंग स्पष्ट दिख रहा था। इसके बाद भी उन्होंने फ्लोरोसेंट प्रभाव का अध्ययन अन्य कीट पतिंगों पर जारी रखा और पाया कि मच्छरों के जीवन चक्र को नियंत्रित करने में भी यह काफी कारगर साबित हो सकता है।

## मैदानों में ओले और बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** जनवरी में ठंड और कोहरे के बाद अब बर्फबारी और बारिश के लिए तैयार रहें। मौसम विभाग ने 6 से 9 फरवरी के बीच उत्तर भारत के पर्वतीय इलाकों में भारी हिमपात और मैदानी क्षेत्रों में ओलावृष्टि और अच्छी बारिश होने की सम्भावना जताई है। पाँच फरवरी से उत्तरी राज्यों के ऊपर एक शक्तिशाली पश्चिमी गड़बड़ी होने के कारण ऐसा होगा। मैदानी क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि को लेकर विभाग ने चेतावनी जारी कर दी है।

मौसम विभाग के निदेशक बीपी यादव ने बताया कि इस दौरान जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में भारी हिमपात होने के आसार हैं। ऐसा आमतौर पर जनवरी के दूसरे हफ्ते में होता है लेकिन इस बार इसमें विलंब हो रहा है। जबकि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार में भारी बारिश और ओले पड़ने की संभावना है। इससे फिर तापमान में गिरावट आएगी। खेती के लिए लिहाज से बारिश फायदेमंद साबित होगी क्योंकि खेतों में उग चुके गेहूँ को पानी मिल जाएगा। लेकिन यदि ज्यादा ओले गिरे तो फसलों को क्षति पहुँच सकती है।

# ठाकरे ने की थी दाऊद के समधी की खिदमत

दाऊद के समधी जावेद मियांदाद की खिदमत की थी बाल ठाकरे ने। अब नवाब मलिक ने उनसे पूरे देश से माफी मांगने को कहा

**विशेष संवाददाता**
मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक नवाब मलिक ने कहा है कि ठाकरे परिवार ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के समधी और पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी जावेद मियांदाद की मातोश्री में खिदमत की थी। उन्हें इसके लिए पूरे देश से माफी माँगनी चाहिए। दाऊद की बेटी से जावेद मियांदाद के बेटे की शाही शादी दुबई में हुई थी। इस बारे में बुधवार को शिवसेना के कार्यकारी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने सफाई देते हुए कहा कि जावेद मियांदाद शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे से जरूर मिलने आए थे। वह भारत में खेलने की इजाजत माँगने आए थे। लेकिन शिवसेना प्रमुख ने उन्हें इजाजत नहीं दी थी।

जावेद मियांदाद का मुद्दा इसलिए गरमा गया है कि शिवसेना ने शाहरुख खान के पाक खिलाड़ियों के समर्थन में बयान देने का विरोध किया है। यह विरोध इतना ज्यादा है कि शिवसेना उनके साथ उनकी फिल्म माय नेम इज खान को भी निशाने पर ले लिया है। शिवसेना ने उनकी फिल्म प्रदर्शित न होने देने की धमकी दी है और उनसे माफी माँगने को कहा है। वर्ष 2004 में जावेद मियांदाद मुंबई आए थे और मातोश्री में ठाकरे परिवार ने उनकी जमकर खिदमत की थी सम्मान में शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने भी जावेद मियांदाद के साथ फोटो खिंचवाया था।



"शिवसेना ने कभी भी मुम्बई को भारत से अलग करने की बात नहीं की। हमें देश को बाँटने वाली कांग्रेस से सीख नहीं चाहिए"
**बाल ठाकरे, शिवसेना प्रमुख**



"शाहरुख खान का घर 'मन्नत' भारत में है न कि पाकिस्तान में। वह देश के लिए खतरा हैं"
**संजय राउत, नेता शिवसेना**

## शाहरुख के साथ आया बॉलीवुड

**मुम्बई।** आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेने संबंधी बॉलीवुड के स्टार शाहरुख खान के बयान और उसपर माफी न मांगने के ऐलान पर शिवसेना ने उन्हें अमेरिका से वापस मुंबई आकर बोलने की चुनौती दी है। उधर, शिवसेना की इस हरकत के खिलाफ बॉलीवुड की अनेक हस्तियां किंग खान के समर्थन में उतर आई हैं। यहां तक कि शिवसेना की सहयोगी भाजपा ने भी शाहरुख का पक्ष लिया। शिवसेना नेता संजय राउत ने शाहरुख को धमकाते हुए कहा है कि वह मुंबई आकर माफी नहीं मांगने का बयान देकर दिखाएं। उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि उनका मन्नत मुंबई है न कि पाकिस्तान में। शिवसेना के विरोध की वजह से सिनेमाघरों के मालिकों ने शाहरुख की आने वाली फिल्म माय नेम इज खान के पोस्टर उतार दिए हैं और फिल्म न दिखाने का फैसला लेने वाले हैं।

# चयनित होना नियुक्ति की गारंटी नहीं

कोर्ट ने कहा, प्रतीक्षा सूची वाले नहीं कर सकते नियुक्ति का दावा

**श्याम सुमन**
नई दिल्ली

न्यूनतम पास मार्क हासिल कर सफल उम्मीदवारों की सूची में आने वाले सभी उम्मीदवार नियुक्ति का दावा नहीं कर सकते। तय रिक्तियाँ मेरिट के आधार पर भरने के बाद बचे हुए उम्मीदवारों का कोई अर्थ नहीं रह जाता न ही उन्हें भविष्य में पैदा होने वाली रिक्तियों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

यह व्यवस्था देते हुए प्रधान न्यायाधीश जस्टिस केजी बालाकृष्णन की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने दिल्ली हायर ज्यूडीशियल सर्विस के लिए चुने गए लेकिन प्रतीक्षा सूची में रखे कुछ उम्मीदवारों की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह सही है कि अगले वर्ष फिर 13 रिक्तियाँ पैदा हुई हैं, लेकिन इन रिक्तियों को प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों से नहीं भरा जा सकता। यदि ऐसा होगा तो कई वर्ष तक भर्तियाँ करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी और प्रतीक्षा सूची से ही पद भरे जाते रहेंगे।

फैसले में जस्टिस बीएस चौहान ने कहा कि यह कार्रवाई अनुच्छेद 14 तथा 16(1) का उल्लंघन होगा। उन्होंने कहा कि अधिसूचित रिक्तियाँ मेरिट के आधार पर भर ली गई हैं तो चयन प्रक्रिया समाप्त समझ ली जाती है। प्रतीक्षा सूची आदि को उन रिक्तियों के भंडार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता जो पहली रिक्त अधिसूचना/ विज्ञापन के बाद अस्तित्व में आई हैं। कानून में भविष्य की रिक्तियों को भरने की अनुमति नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रतीक्षा सूची बनाने का उद्देश्य यह है कि यदि कोई सफल उम्मीदवार किसी वजह से सेवा ज्वाइन नहीं करता है तो उसके बदले प्रतीक्षा सूची में सबसे ऊपर व्यक्ति को आगे बढ़ाकर नियुक्त किया जाता है। यह मामला तब शीर्ष अदालत में आया जब हाईकोर्ट ने प्रतीक्षा सूची से दो अन्य उम्मीदवारों को नियुक्त करने का निर्देश दिया। ये नियुक्तियाँ तय 13 नियुक्तियों के अलावा थीं। इस पर राखी रे आदि ने भी यायिका दायर की कि उन्हें भी नियुक्त किया जाए क्योंकि अगले वर्ष फिर 13 रिक्तियाँ आने वाली हैं।

## निलंबित कर्मी को वेतन आयोग का लाभ नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सेवा से निलंबन के दौरान यदि नया वेतनमान लागू होता है तो निलंबित कर्मचारी वेतन, भत्ते बढ़ाने का दावा नहीं कर सकता। कोर्ट ने कैट और दिल्ली हाईकोर्ट का वह फैसला रद कर दिया जिसमें उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के निलंबित कर्मचारी को पाँचवें वेतन आयोग के अनुसार गुजारा भत्ता बढ़ाने का आदेश दिया गया था। जस्टिस आरवी रविंद्रन और केएस राधाकृष्णन की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र के वेतन संशोधन नियम में व्यवस्था है कि कर्मचारी वेतन संशोधन की तारीख से पूर्व निलंबित होता है तो उसे वेतन तथा गुजारा भत्ते में बढ़ोतरी का लाभ दिया जाएगा। लेकिन यदि वेतन संशोधन निलंबन के दौरान लागू होता है तो यह लाभ उसे बहाल होने पर ही मिलेगा। सीबीआई ने मंत्रायल में डेस्क अधिकारी आरके चोपड़ा को भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत चार्जशीट किया था।

# ट्रेन में मिलेगा टेस्टी फूड

खानपान की व्यवस्था आईआरसीटीसी से छीन कर रेल के जिम्मे करने की तैयारी

**अमिताभ पाराशर**
नई दिल्ली

**अच्छे खाने की उम्मीद**
- रेलवे की खानपान नीति में व्यापक बदलाव के आसार
- रेलवे अपने विभाग को सौंप सकती है जिम्मेदारी

अब आप ट्रेनों में बेहतर क्वालिटी वाला खाना मिलने की उम्मीद कर सकते हैं। रेलवे खानपान नीति में भारी बदलाव कर सकता है। आगामी रेल बजट में रेल मंत्री ममता बनर्जी इसकी घोषणा कर सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, पूरी संभावना है कि सार्वजनिक उपक्रम आईआरसीटीसी (भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम) से खानपान की व्यवस्था लेकर खुद रेल मंत्रालय अपने विभाग को सौंप दे।

ट्रेनों में मिलने वाले खाने की गुणवत्ता में गिरावट की शिकायतें लगातार आती रही हैं। रेल मंत्री ने आम यात्रियों के लिए सस्ता और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने की जरूरत की बात कही। पूर्व रेल मंत्री लालू यादव के कार्यकाल में ही इसकी शुरुआत हो गई थी। तबसे शिकायत थी कि आईआरसीटीसी के खानपान का जिम्मा उठाने के बाद से इसके स्तर में लगातार गिरावट आई है। लालू ने एक प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से भी राय माँगी थी। आम राय यही बनी थी कि भारतीय ट्रेनों में मिलने वाले खाने का स्तर तभी अच्छा था जब तक यह व्यवस्था खुद रेल के पास थी।

सूत्रों के अनुसार, यह भी तय माना जा रहा है कि रेल मंत्रालय खानपान की व्यवस्था का जिम्मा एक या कुछ बड़े वेंडरों (ठेकेदारों) को देने की बजाय कई वेंडरों को सौंपने की व्यवस्था लागू करे ताकि एकाधिकार खत्म हो। आपसी प्रतिस्पर्द्धा में खाने की गुणवत्ता पर नियंत्रण रहेगा।

# देश में तीन लाख खराब किडनी के मरीज

**विशेष संवाददाता**
आगरा

किडनी खराब होने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे मरीजों की संख्या तीन लाख पहुँच गई है। डायबिटीज इसका बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। पिछले तीस साल में डायबिटीज छह गुना तेजी से बढ़ा है।

दो हजार किडनी ट्रांसप्लांट कर चुके डॉ. गणेश गोपालकृष्णन ने कहा युवाओं में यह समस्या गंभीर रूप ले रही है। उन्होंने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट करने ज्यादा जरूरी बीमारी से बचाव करना है। विदेशों में भी लोगों की जीवनशैली में शरीरिक श्रम कम हो रहा है। पर वहाँ के लोगों ने खेल को जीवन का हिस्सा बना लिया है। इससे उनमें डायबिटीज, मोटापा के बढ़ने की दर में कमी आने लगी है। लेकिन भारत में स्थिति विकट है। लोगों के शारीरिक श्रम कम होता जा रहा है। खेल व व्यायाम भी इसी के साथ घट रहा है। ऐसा चलता रहा तो भविष्य खतरनाक है। किडनी बदलवाना आसान नहीं है। ट्रांसप्लांट के लिए किडनी मिल नहीं रही है।

### मस्तिष्क मृत्यु के तुरंत बाद हो किडनी दान

■ मरीज को ट्रांसप्लांट के लिए किडनी नहीं मिल रही है। ऐसे में मस्तिष्क मृत्यु के बाद किडनी दान का अभियान चलाना जरूरी है। यूरोलॉजिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) के महासचिव डॉ. किम मैनन ने कहा कि मस्तिष्क मृत्यु के बाद भी हृदय काम करता रहता है। शरीर में नब्ज चलती है। पर व्यक्ति की मौत हो चुकी होती है। लोगों को खुद ही अंग दान की प्रतिज्ञा करनी चाहिए। ताकि जरूरत पड़ने पर ऐसी परिस्थिति में किडनी निकाली जा सके। धड़कन बंद होने के तीन मिनट के भीतर यदि किडनी निकाली गई तो यह दूसरों में प्रत्यारोपित किया जा सकता है। इसके बाद नहीं। किडनी को 24 घंटे तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

## गूगल पर मिलेंगी बच्चन की कविताएँ

**नई दिल्ली।** गूगल अपनी वेबसाइट पर अमिताभ बच्चन के पिता और प्रख्यात रचनाकार हरिवंश राय बच्चन की रचनाएँ डालने का इच्छुक है। बिग-बी ने अपने ब्लॉग पर यह जानकारी दी है। इस सिलसिले में गूगल के प्रतिनिधियों ने सेन फ्रांसिस्को से मुम्बई पहुँच कर बिग-बी से बातचीत की है।

अमिताभ ने लिखा है कि गूगल पर उनके पिता की रचनाओं के डाले जाने के बाद पाठकों को एक लिंक मिल जाएगा जिनके जरिए उनकी किताबें खरीदी जा सकती हैं। इससे उन स्थानों पर भी कालजई रचनाएँ पहुँच सकेंगी जहाँ अब तक नहीं पहुँची थीं। बिग-बी के मुताबिक कॉपीराइट, पायरेसी, मूल्य, संपत्ति आदि कई विषयों पर अभी फैसला किया जाना है। उन्होंने इस बारे में आपसी सहमति से एक करार होने की उम्मीद जताई है। बिग-बी ने लिखा है कि उनकी खुद की रिर्काडिंग को यू ट्यूब पर डालने की पेशकश भी की गई है। **एजेंसी**

# भैंस का दूध है अमृत के ज्यादा करीब

**विजेंद्र रावत**
नई दिल्ली



110 मिलियन टन है भारत में कुल वार्षिक दुग्ध उत्पादन
56 फीसदी दूध भैंस का
18 करोड़ पालतू भैंसें हैं दुनिया में, जिनमें से 10 करोड़ भारत में
भारत की मुर्रा तथा पाकिस्तान की कुंडी नस्ल दुनिया में सर्वश्रेष्ठ

कामधेनु कही जाने वाली गाय का दूध भले ही अमृत समान माना जाता रहा है पर वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि हर लिहाज से गाय के मुकाबले भैंस का दूध अव्वल है। पशु वैज्ञानिकों के मुताबिक उनके शोध बताते हैं कि गाय की जगह भैंस के दूध को सेहत के लिए अमृत समान कहना बेहतर होगा।

राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) करनाल में हुए इस अनुसंधान में भैंस के दूध में दिल की बीमारी के प्रमुख कारक कोलट्रॉल को गाय के दूध के मकाबले 50 प्रतिशत कम पाया गया। जबकि जरूरी पोषक तत्वों जैसे- कैल्सियम, आयरन तथा फॉस्फोरस की मात्रा ज्यादा पाई गई।

**भैंस बनाम गाय का दूध**

| पोषक तत्व | समान |
|---|---|
| कोलस्ट्रॉल | 50 फीसदी कम |
| प्रोटीन | 11.42 फीसदी ज्यादा |
| कैल्सियम | 92 फीसदी ज्यादा |
| आयरन | 38 फीसदी ज्यादा |
| फॉस्फोरस | 127 फीसदी ज्यादा |
| विटामिन ए | ज्यादा |
| टिकाऊपन | ज्यादा |
| दुग्ध उत्पाद | बेहतर |

राष्ट्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान हिसार द्वारा आयोजित भैंस विशेषज्ञों के अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में इस बात का खुलासा किया गया। राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल के निदेशक एवं कुलपति प्रो. ए.के. श्रीवास्तव ने इस अनुसंधान के बारे में अपने शोधपत्र में कहा कि भैंस का दूध हर मामले में गाय से बेहतर साबित हुआ है।

भारत जैसे देश में जहां लोगों को भोजन में प्रयाप्त पोषक तत्व नहीं मिल पाते ऐसे लोगों के लिए भैंस का दूध बेहद लाभकारी है। इसके अलावा दही, मक्खन, चीज, पनीर जैसे उत्पादों की गुणवत्ता व टिकाऊपन के मामले में भैंस का दूध गाय से हर लिहाज में बेहतर पाया गया।

## ईयू के कंधमाल दौरे का विरोध

**भुवनेश्वर।** उड़ीसा के कंधमाल जिले के दंगा पीड़ितों से रू-ब-रू होने आए यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रति निधिमंडल का विरोध करने के लिए बजरंग दल के पाँच कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। इन कार्यकर्ताओं को मंगलवार रात हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया। जैसे ही 11 सदस्यीय प्रति निधिमंडल हवाई अड्डे से बाहर निकला, कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी की। भारी सुरक्षा के बीच उनको सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।

# तेलंगाना पर केन्द्र ने बनाया पैनल

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने अलग तेलंगाना राज्य के मसले पर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बीएन श्रीकृष्णा की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसके साथ ही अलग पूर्वांचल, बुंदेलखंड, हरित प्रदेश, विदर्भ और गोरखालैंड की माँग करने वालों में भी सुगबुगाहट तेज हो गई है।

केन्द्रीय कानून मंत्री और कांग्रेस के आंध्र प्रदेश मामलों के प्रभारी एम. वीरप्पा मोइली ने कहा कि आंध्र प्रदेश एक सुंदर और प्रगतिशील राज्य है। यदि छात्र स्कूल और कॉलेज जाते हैं और परीक्षाओं पर ध्यान देते हैं तो यह राज्य के हित में होगा। मोइली ने कहा कि शासन व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए और न ही विकास कार्यों को नुकसान पहुँचना चाहिए। तेलंगाना मुद्दे पर लगातार बंद और हिंसक प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में कांग्रेस की अपील यह आई है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सभी दलों से सहयोग माँगा है।


## हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
दूसरी मंजिल, ब्लाक बी-2, मौर्य लोक काम्पलेक्स, डाक बंगला रोड, पटना-800001

**टेंडर आमंत्रण सूचना संख्या 09/एफ.15/5 दिनांक 04.02.2010**

निम्नलिखित पैकेज के अंतर्गत बोधगया, बिहार में बीएसयूपी के अंतर्गत अलग-अलग जगहों पर 1536 रिहायशी मकानों के निर्माण के लिए द्वि बोली पद्धति (two bid system) में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

| पैकेज सं. | परियोजना स्थल | रिहायशी मकानों की सं. | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|---|
| I | न्योतापुर - 2 | 240 | 819.16 |
| II. | मस्तीपुर | 612 | 2116.05 |
| III | जानपुर | 252 | 850.53 |
| IV | दुर्गापुर | 432 | 1368.48 |

निविदा दस्तावेज की बिक्री एवं इनको प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.02.2010 को क्रमशः 12.00 एवं 3.00 तक है । अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी बेवसाइट www.hudco.org तथा www.tenders.gov.in देखें।
फोन : 0612-2232679/2234994/2204432 क्षेत्रीय प्रमुख

## कार्यालय-प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पकवाइनार, बलिया

### विज्ञप्ति

विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण 2008 (विशेष चयन) के संदर्भ में निर्गत शासनादेश दिनांक 14.11.2008 तथा 29.10.2009 के क्रम में जांच सूची-द्वितीय/ तृतीय के उपस्थित एवं प्रत्यावेदन के अर्ह अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए वरीयता क्रम में अनुसूचित जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग की वर्गवार/ श्रेणीवार अनन्तिम चयन सूची-षष्ठम् निर्गत कर दी गयी है। सम्बन्धित अनन्तिम चयन सूची एवं कट ऑफ मेरिट का विवरण संस्थान/ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय/ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा है।

इस अनन्तिम सूची-षष्ठम के अभ्यर्थी वेबसाइट www.ballia.nic.in पर क्लिक करके अपना नाम देख सकते हैं। अनन्तिम चयन सूची-षष्ठम् से सम्बन्धित अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण पत्र (प्रशिक्षण सत्र की संस्था को एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्र) जाति आरक्षण प्रमाण पत्र, (महिला अभ्यर्थिनी की दशा में पिता पक्ष का जाति प्रमाण पत्र) विशेष आरक्षण प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं 10.00 रुपये का नॉन जूडिशियल स्टैम्प पेपर पर फोटोयुक्त शपथ पत्र तथा सभी प्रमाण पत्रों की दो सेट स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतियां, पासपोर्ट साइज के दो नवीनतम फोटोग्राफ, दो फाइल कवर व टैग के साथ दिनांक सम्बन्धित वर्ग/ श्रेणी के सम्मुख अंकित तिथियों में प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक संस्थान पकवाइनार, बलिया में उपस्थित होकर मूल अभिलेख जमा करें।

**अनन्तिम चयन सूची (षष्ठम्) की कट ऑफ मेरिट का विवरण**

| वर्ग/ श्रेणी | गुणांक | मूल अभिलेख जमा करने की तिथि |
|---|---|---|
| महिला/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ कला | 228.50 | 10.02.2010 एवं 11.02.2010 |
| पुरुष/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ कला | 254.92 | 10.02.2010 एवं 11.02.2010 |
| पुरुष/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ शिक्षा मित्र | 202.60 | 10.02.2010 एवं 11.02.2010 |
| महिला/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ विज्ञान (द्वितीय चयन सूची) | 247.06 | 10.02.2010 एवं 11.02.2010 |
| पुरुष/ अनुसूचित जाति/ कला | 215.51 | 15.02.2010 एवं 16.02.2010 |

**नोटः-** (1) यह अनन्तिम चयन सूची है जो अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों की जांच के अधीन होगी। (2) यह अनन्तिम चयन सूची रिक्त सीटों के सापेक्ष कई गुना है। रिक्त सीट से अधिक मूल अभिलेख जमा होने की दशा में वरीयता क्रम में अभिलेख स्वीकार कर न्यून गुणांक के अभ्यर्थियों के मूल अभिलेख वापस कर दिये जायेंगे। (3) अभ्यर्थी यदि निर्धारित तिथि को संस्थान में उपस्थित होकर मूल अभिलेख जांच कराकर अभिलेख जमा नहीं करते हैं तो भविष्य में उनके अभ्यर्थन/ चयन पर विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा उनका अभ्यर्थन निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अगले अर्ह अभ्यर्थी के चयन पर विचार किया जायेगा और भविष्य में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। (4) रिक्त सीट के सापेक्ष महिला/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ कला, गुणांक 230.27 तक तथा पुरुष/ अनुसूचित जाति/ कला, गुणांक 216.19 तक के अभ्यर्थियों को मूल अभिलेख जमा करने हेतु बुलावा पत्र प्रेषित किया जा रहा है। मूल अभिलेख जमा होने के बाद रिक्त सीट की दशा में वरीयता क्रम से अभ्यर्थियों को पंजीकृत डाक द्वारा सूचित किया जायेगा। (5) जारी अनन्तिम चयन सूची मा. उच्च न्यायालय/ मा. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं किसी लिपिकीय त्रुटि के संधान के अधीन होगी।

**प्राचार्य-जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान**
पकवाइनार, बलिया

पत्रांक डायट/6596-6597/2009-10/ दिनांक 2.02.2010

भारत सरकार
## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
## जैवप्रौद्योगिकी विभाग
### डॉ. जगदीश चन्द्र बोस हिन्दी ग्रन्थ लेखन पुरस्कार योजना - वर्ष 2009

जैवप्रौद्योगिकी विभाग **डॉ. जगदीश चन्द्र बोस हिन्दी ग्रन्थ लेखक पुरस्कार योजना - 2009** के लिए केवल भारत के नागरिकों से **जैवप्रौद्योगिकी से संबंधित विषयों** पर प्रकाशित मौलिक हिन्दी पुस्तकें निर्धारित आवेदन प्रोफार्मा में आमंत्रित करता है। इस योजना के अंतर्गत 1,00,000/- रुपये का प्रथम पुरस्कार (एक), 50,000/- रुपये का द्वितीय पुरस्कार (एक), 25,000/- रुपये का तृतीय पुरस्कार (एक) तथा 10,000/- रुपये प्रत्येक के प्रोत्साहन पुरस्कार (दो) दिये जाएंगे।

डॉ. जगदीश चन्द्र बोस हिन्दी ग्रन्थ लेखन पुरस्कार योजना - वर्ष 2009 के अंतर्गत केवल ऐसी प्रकाशित पुस्तकों पर विचार किया जाएगा जो पुरस्कार वर्ष सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रकाशित हुई हो। जिन पुस्तकों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के किसी भी विभाग से पहले पुरस्कार मिल चुका हो या जिन पुस्तकों पर इस प्रतियोगिता में पहले विचार किया जा चुका है या भारत सरकार या किसी राज्य सरकार या संघ राज्य-क्षेत्र के प्रशासन की किसी योजना के अधीन एक बार पुरस्कार दिया जा चुका है उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। एक लेखक किसी वर्ष विशेष के लिए अपनी एक पुस्तक विचारार्थ प्रस्तुत कर सकता है।

योजना का विस्तृत विवरण तथा आवेदन फार्म विभाग की वेबसाइट **http://www.dbtindia.gov.in** या **http://www.dbtindia.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। विधिवत भरे हुए आवेदन फार्म तथा **पुस्तकों की 5 प्रतियों** निम्नलिखित पते पर **30 अप्रैल, 2010** तक अवश्य पहुँच जानी चाहिए। निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**श्री फकीर चंद,**
**उप निदेशक (रा.भा.)**
**जैवप्रौद्योगिकी विभाग,**
**कमरा नं. 610, ब्लॉक-2,**
**सी जी ओ कॉम्प्लैक्स, लोदी रोड,**
**नई दिल्ली-110003**
**दूरभाष : 24363989**

डी.ए.वी.पी. 36301/11/0029/0910 1875972-1

## उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद

**निविदा नोटिस संख्या - एजीसी/टीआरडी/टी/2010/1**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

वरि0 मंडल विद्युत अभि0 (क0वि0) उत्तर मध्य रेल आगरा छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबन्द खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि दिनांक 10.03.10 को 15.00 बजे तक टेण्डर बाक्स में डाली जा सकती हैं एवं उसी दिन अपरान्ह 15.10 बजे खोली जायेंगी। निविदा संख्या : आ0छा0/क0वि0/टी/2010/1. **कार्य का विवरण :** आगरा मण्डल के आगरा छावनी-पलवल एवं बयाना-टूण्डला खण्ड के ओएचई मास्टों की फैडिड नम्बर प्लेटों को बदलकर उनके स्थान पर रेट्रोरिफलैक्टिव ओर नार्मल नम्बर प्लेटों को लगाना। अनुमानित राशि : 27.24 (रूपये सत्ताईस लाख चौबीस हजार मात्र), धरोहर राशि : 54480/- (रूपये चौवन हजार चार सौ अस्सी मात्र), कार्य पूर्ण होने का समय : 06 माह, वैधता : 90 दिन, निविदा फार्म का शुल्क : रू0 3000/- केवल (रूपये तीन हजार मात्र), निविदा जमा करने का दिनांक, समय व स्थान : वरि0 मं0वि0 अभि0 (कर्षण वितरण) आगरा, निविदा प्रपत्र खरीदने का स्थान एवं पता : वरि0मं0वि0 अभि0 (कर्षण वितरण) मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय आगरा, 1) निविदा सूचना उत्तर मध्य रेल की वेवसाइट : www.ncr.railnet.gov.in & www.tenders.gov.in पर उपलब्ध है। 2) निविदा प्रपत्र समस्त कार्य दिवस में दिनांक 10.02.10 से 09.03.10 तक समय 10.00 बजे से 16.00 बजे तक तथा दिनांक 10.03.10 को समय 10.00 बजे से 12.00 बजे तक बिक्री हेतु उपलब्ध होंगे साथ ही निविदा प्रपत्र उत्तर मध्य रेल की वेवसाइट www.ncr.railnet.gov.in & www.tenders.gov.in पर डाउन लोडिंग के लिए उपलब्ध रहेंगे। 3) धरोहर राशि केवल डिपाजिट रिसीप्ट पे आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि वरि0मण्डल वित्त प्रबन्धक आगरा के पक्ष में देय हो, ही स्वीकार की जायेगी व इसे नकद रूप से मण्डल खजांची (रोकड़) आगरा कार्यालय में जमा की जा सकती है। 4) निविदा सूचना की शर्ते व नियम कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा रेलवे की ऊपर उल्लेखित वेवसाइट पर भी देखा जा सकता है। 5) निविदादाताओं के लिये निर्धारित न्यूनतम अर्हतायें - इस निविदा के लिये केवल वे ही फर्मे अपनी निविदायें दें जिनके पास निम्नलिखित न्यूनतम अर्हतायें हैं। इससे सम्बन्धित जरूरी कागजात निविदाओं के साथ सम्मिलित होने चाहिये या इस टेण्डर के खुलने की तारीख से 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय में सम्मिलित अवश्य कर दें। यदि निविदादाता न्यूनतम अर्हता से सम्बन्धित आवश्यक कागजात टेण्डर खुलने की तारीख से 15 दिन के अन्दर सम्मिलित नहीं करता है तो उसका आफर निरस्त कर दिया जायेगा। अ) तकनीकी क्षमता की साक्षी के लिये निविदादाता को पिछले तीन वर्ष मे (चालू वर्ष तथा इसके पहले तीन वर्ष मे) समान प्रकार का एक कार्य जिसकी लागत इस प्रकाशित टेण्डर कार्य की लागत के 35 प्रतिशत से कम नहीं हो, पूरा होना चाहिये। ब) सन्तोषजनक वित्तीय क्षमता तथा औरगनाईजेशन रीसोर्शिज की साक्षी हेतु निविदादाता पिछले तीन वर्ष में (चालू वर्ष तथा इससे पहले के तीन वित्तीय वर्षो में) इस प्रकाशित टेण्डर कार्य की लागत का कम से कम 150 प्रतिशत रकम प्राप्त कर चुका है।

ट्रेन इन्क्वायरी के लिये 139 पर SMS करें :
AD <space> <Train No.> <space> <STD Code> उदाहरण : AD 2312 0532

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ" 63/10 (S)